- **वन्दन योजना** के तहत् धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व की दृष्टि से नगरीय निकायों में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।
- अमृत योजना के अन्तर्गत लगभग 10 लाख घरों में जलापूर्ति तथा 8 लाख घरों में सीवरेज संयोजन का कार्य पूरा किया गया।
- **सोलर चरखा वितरण एवं प्रशिक्षण योजना** के लाभार्थियों को विगत 06 वर्षों में 5,677 सोलर चरखा निःशुल्क उपलब्ध कराते हुए 11 हजार 354 लोगों को रोजगार से जोड़ा गया।
- माटी कला उद्योग को बढ़ावा देने के लिए संचालित **मुख्य मंत्री माटी कला रोजगार योजना** में अब तक 785 इकाइयों की स्थापना से 2,355 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।
- पंडित दीन दयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता योजना में 50 हजार कत्तिनों/बुनकरों को लाभान्वित किया जा रहा है।
- वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा **'स्कूल चलो अभियान'** को व्यापक रूप से संचालित किया गया, जिससे 06 वर्षों में बच्चों के नामांकन में लगभग 40 लाख से अधिक की वृद्धि के साथ नामांकन बढ़कर 01 करोड़ 92 लाख हो गया है प्रत्येक विद्यालय में दो-दो टैबलेट की उपलब्धता एवं 18 हजार 381 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की भी स्थापना की गयी है।

- ऑपरेशन कायाकल्प के तहत् प्रदेश के 01 लाख 32 हजार 594 परिषदीय विद्यालयों में से 93 प्रतिशत से अधिक विद्यालयों को 19 मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त किया जा चुका है।
- प्रदेश के 925 परिषदीय विद्यालयों को पी0एम0 श्री योजना से आच्छादित किया गया है।
- उत्कृष्ट शैक्षणिक परिवेश हेतु 57 मुख्य मंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्वीकृत किये गये हैं, जिनमें से 30 विद्यालयों की निर्माण प्रक्रिया गतिमान है।
- पूर्व से संचालित 75 कम्पोजिट विद्यालयों को **मुख्य मंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय** के रूप में विकसित करने की कार्यवाही गतिमान है।
- प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत राजकीय विद्यालयों में वृहद निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। अब तक 59 जनपदों के 1,349 विद्यालयों के लिए 357 करोड़ रुपये हस्तान्तरित कर दिए गए हैं।
- माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण हेतु 17 हजार 117 करोड़ रुपये की धनराशि का प्राविधान वित्तीय वर्ष 2023-24 में किया गया है।
- वर्ष 2023 में 8,373 परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से मात्र 14 दिनों में बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराते हुए नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न हुई है। शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य अध्यापक एवं मुख्य मंत्री अध्यापक पुरस्कार योजना चलायी गयी है।
- नवस्थापित राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़, माँ शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय, सहारनपुर एवं महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में शिक्षण कार्य प्रारम्भ हो गया है।
- देवीपाटन मण्डल में माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु 16 करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। विन्ध्याचल धाम मण्डल में माँ विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय एवं मुरादाबाद मण्डल में 01 राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना प्रस्तावित है।
- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, चौधरी चरण सिंह मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

को नैक मूल्यांकन में **ए डबल प्लस (A++) ग्रेड** प्राप्त हुआ है। दो विश्वविद्यालयों (यथा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी) को **ए प्लस (A+) ग्रेड** प्राप्त हुआ है। लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कैटेगरी-1 में श्रेणीबद्ध किया गया है।

- स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। अब तक 25 लाख से अधिक स्मार्टफोन तथा टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं।
- टाटा टेक्नोलॉजी लि0 की वित्तीय सहभागिता से लगभग 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन और उनमें आधुनिक कार्यशालाओं के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।
- राजकीय आई0टी0आई0 की संख्या 260 से बढ़कर 305 और सीटों की संख्या 01 लाख 25 हजार से बढ़कर 01 लाख 72 हजार हो गई।
- प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और बढ़ाने तथा प्रदेश को आई0टी0 एकेडमिक राज्य बनाने हेतु इंजीनियरिंग कॉलेजों तथा स्टार्टअप्स को प्रशिक्षण देने के लिए अनुबन्धित किया गया है। जिसमें न्यू ऐज कोर्सेस जैसे 5जी स्पेक्ट्रम, ड्रोन, आर्टीफिशियल इण्टेलिजेंस, रोबोटिक्स आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- ए0के0टी0यू0 द्वारा उ0प्र0 स्टार्टअप पॉलिसी-2020 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर में इनोवेशन हब की स्थापना की गयी है। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं एच0बी0टी0यू0, कानपुर को नैक ग्रेडेशन में क्रमशः 'ए' एवं 'ए' प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है।
- वर्तमान में 75 राजकीय पॉलीटेक्निक निर्माणाधीन हैं।
- सत्र 2022-23 से न्यू ऐज कोर्स के अन्तर्गत 04 पाठ्यक्रम-डाटा साइन्स एवं मशीन लर्निंग, इण्टरनेट ऑफ थिंग्स, साइबर सिक्योरिटी एवं ड्रोन टेक्नोलॉजी में शिक्षण-प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है।
- उत्तर प्रदेश में वर्ष 2023 में (जनवरी से अक्टूबर तक) लगभग 37 करोड़ 90 लाख से अधिक पर्यटक आये। इनमें 37 करोड़ 77 लाख भारतीय तथा 13 लाख 43 हजार विदेशी पर्यटक सम्मिलित हैं।

- भारत की गौरवमयी धरोहर एवं परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने तथा लोक एवं शास्त्रीय कलाओं के विकास के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्प है।
- रामायण संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु 16 जनपदों में रामायण कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शोधपरक रामायण इन्साइक्लोपीडिया का कार्य भी गतिमान है।
- बटेश्वर, आगरा में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में अकादमी का निर्माण किया जा रहा है। जनपद चित्रकूट में महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केन्द्र तथा लखनऊ में भारत रत्न डा0 भीमराव आंबेडकर स्मारक केन्द्र के संग्रहालय के आन्तरिक कार्य का निर्माण गतिमान है।
- अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण के दृष्टिगत पहुंच मार्गों राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, मल्टी लेवल पार्किंग तथा अन्य अवस्थापना एवं जनसुविधाओं का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।
- जनपद सीतापुर में नैमिषारण्य तपोस्थली पर वेद विज्ञान अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की कार्यवाही की जा रही है। जनपद मिर्जापुर में विन्ध्याचल स्थित त्रिकोणीय क्षेत्र में माँ विन्ध्यवासिनी मन्दिर, माँ अष्टभुजा मन्दिर, माँ कालीखोह मन्दिर को जोड़ने वाले त्रिकोण संरेखण में जन सुविधाओं को बढ़ाने तथा सौन्दर्यीकरण की प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत दिसम्बर, 2023 तक लगभग 63 हजार करोड़ रुपये का भुगतान डी0बी0टी0 के माध्यम से 02 करोड़ 62 लाख से अधिक कृषकों के खातों में किया गया है।
- खाद्यान्न उत्पादन की विकास दर 5.1 प्रतिशत प्राप्त करते हुए वर्ष 2022-23 में 625 लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद्यान्न तथा 21 लाख 57 हजार मीट्रिक टन तिलहन का उत्पादन हुआ है।
- अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के दृष्टिगत मिलेट्स की विभिन्न फसलों के 43 हजार 475 बीज मिनीकिट का वितरण कराया गया है। मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु जनपद झाँसी, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर तथा गाजीपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी गयी।
- नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत् 27 जनपदों में गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों में लगभग 01 लाख 24 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में जैविक खेती कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। 49 जनपदों में गौ-आधारित खेती भी की जा रही है।

- ऑर्गेनिक एवं प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक कृषि के अन्तर्गत 62 हजार 200 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल किया गया है। इस हेतु 71 हजार 674 कृषकों को जोड़ा जा चुका है।
- पी0एम0 कुसुम योजना के अन्तर्गत 51 हजार 774 सोलर पम्पों की स्थापना करायी जा चुकी है।
- लघु एवं सीमान्त किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से वर्ष 2023-24 में माह दिसम्बर, 2023 तक 3,421 एफ0पी0ओ0 का गठन किया गया है।
- एग्रीटेक योजना में ई-खसरा पड़ताल के अन्तर्गत 27 हजार राजस्व ग्रामों में सर्वेक्षण निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत सम्पन्न कराया गया। समस्त 75 जनपदों की शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में ई-खसरा पड़ताल प्रारम्भ की गई है।
- कृषकों की उपज का सही मूल्य दिलाने के लिये प्रदेश में 125 मण्डियों की स्थापना की गयी है। राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) लागू करते हुये वर्ष 2022-23 में लगभग 03 हजार 468 करोड़ रुपये का डिजिटल व्यापार किया गया।
- मार्च, 2022 से दिसम्बर, 2023 तक मण्डी समितियों द्वारा 01 हजार 111 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त लाभ प्राप्त किया गया।
- कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के अन्तर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों में **एग्रीटेक स्टार्ट-अप/इन्क्यूबेशन सेण्टर** की स्थापना हेतु वित्तीय प्राविधान किया गया है।
- वर्ष 2017 के बाद सरकार के प्रयासों से गन्ना क्षेत्रफल में 09 लाख 12 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। वर्ष 2017 से पूर्व गन्ना उत्पादन लगभग 72 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर था, वह 11.57 प्रतिशत बढ़कर अब लगभग 84 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार चीनी मिलों की दैनिक पेराई क्षमता जो वर्ष 2017 से पूर्व 7.50 लाख टी0सी0डी0 थी, वह बढ़कर अब लगभग 8.50 लाख टी0सी0डी0 हो गयी है।
- वर्तमान सरकार द्वारा दिनांक 29 जनवरी, 2024 तक गन्ना किसानों को 02 लाख 33 हजार 793 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है, जो वर्ष 1995 से मार्च, 2017 तक के 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से 20 हजार 274 करोड़ रुपये अधिक है।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक 31 सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण कर 22 लाख 75 हजार हेक्टेयर से अधिक सिंचन क्षमता सृजित की गई। इससे 46 लाख 69 हजार कृषक लाभान्वित हो रहे हैं।

- वित्तीय वर्ष 2023-24 में नहरों के पुनरुद्धार तथा सिंचन क्षमता को पुनर्स्थापित करने हेतु अब तक 519 करोड़ रुपये लागत की 78 सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण की गईं।
- विभिन्न जनपदों में 458 करोड़ रुपये की लागत से 6,600 राजकीय नलकूपों के आधुनिकीकरण तथा डार्क जोन में स्थित 569 असफल राजकीय नलकूपों के पुनर्निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इन कार्यों से लगभग 01 लाख 33 हजार हेक्टेयर सिंचन क्षमता की पुनर्स्थापना होगी तथा लगभग 01 लाख 10 हजार कृषक परिवार लाभान्वित होंगे।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 से मार्च, 2023 तक लघु सिंचाई विभाग द्वारा 17 लाख 38 हजार हेक्टेयर सिंचन क्षमता का सृजन किया गया है।
- भारत सरकार की योजना 'अटल भू-जल योजना' के सादृश प्रदेश के अवशेष 800 विकास खण्डों में समेकित भू-जल प्रबन्धन हेतु **'उत्तर प्रदेश अटल भू-जल योजना'** लागू की गई है।
- हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों के स्वरोजगार हेतु **मुख्य मंत्री हैण्डलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना** शुरू की गयी है। योजना से अब तक 383 हथकरघा बुनकरों एवं 393 पावरलूम बुनकरों को लाभान्वित किया जा चुका है।
- अनुसूचित जाति के बुनकरों हेतु संचालित झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना के माध्यम से 379 हथकरघा बुनकरों एवं 264 पावरलूम बुनकरों को लाभान्वित किया गया है।
- बुनकरों को विद्युत दर में छूट की प्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 348 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता से 87 हजार पावरलूम बुनकर तथा लगभग 13 हजार हथकरघा बुनकर लाभान्वित हुए हैं।
- प्रदेश में 303 वृहद् निराश्रित गौवंश संरक्षण केन्द्रों सहित विभिन्न प्रकार के 7,239 गौवंश संरक्षण केन्द्र स्थापित करते हुए अब तक 14 लाख 38 हजार से अधिक गौवंश को संरक्षित किया गया है।
- मुख्य मंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना के तहत् कुपोषित बच्चों के परिवारों को अब तक 02 लाख 01 हजार 823 निराश्रित गौवंश सुपुर्द किये गये हैं। इन गौवंश के भरण-पोषण के लिए 1,500 रुपये प्रतिमाह प्रति गौवंश लाभार्थी को उपलब्ध कराए जाते हैं।

- पशु पालकों के द्वार पर पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट की स्थापना दूरस्थ गांवों में की जा चुकी है।
- वर्ष 2023-24 में अनन्तिम रूप से दुग्ध उत्पादन 362 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 391 लाख मीट्रिक टन हो गया है।
- पशु पालकों को 04 लाख 18 हजार 483 किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन घटक) दिये गए हैं।
- जनपद वाराणसी, मुरादाबाद, गोरखपुर, कन्नौज, बरेली, लखनऊ, अयोध्या में नवीन ग्रीन फील्ड डेयरी प्लाण्ट स्थापित किये जा चुके हैं, जबकि कानपुर तथा मेरठ में निर्माणाधीन हैं। प्रयागराज तथा गौतमबुद्धनगर में डेयरी प्लाण्ट का रिफर्बिशमेण्ट पूर्ण करते हुए संचालन प्रारम्भ हो गया है।
- दुग्ध समिति से अनाच्छादित प्रदेश के 621 विकास खण्डों में ग्राम स्तर पर दुग्ध समितियों के गठन हेतु 13 करोड़ 59 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत 585 दुग्ध समितियों का गठन किया जा चुका है।
- वर्ष 2023-24 में अब तक 09 लाख 37 हजार मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन हो चुका है। मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराये जा रहे हैं।
- निषादराज बोट योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1,865 नावों को अनुदान पर वितरित किया जा रहा है। किसानों को वर्ष 2023-24 में दिसम्बर तक 8,787 करोड़ रुपये का अल्पकालीन तथा 257 करोड़ रुपये का दीर्घकालीन ऋण वितरित किया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में खरीफ अभियान में 15 लाख 65 हजार 201 मीट्रिक टन एवं रबी अभियान में माह दिसम्बर, 2023 तक 13 लाख 70 हजार 636 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया गया।
- भण्डारण योजना में वर्ष 2023-24 में 263 बी-पैक्स गोदामों की मरम्मत व सुदृढ़ीकरण के सापेक्ष 141 गोदामों का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 122 गोदामों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- धान खरीफ वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत अद्यतन लगभग 7.50 लाख किसानों से लगभग 50.18 लाख मीट्रिक टन धान क्रय कर लगभग 10 हजार 856 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।

- वर्ष 2023 को **इण्टरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स** घोषित किया गया। श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में 40 प्रमुख बाजरा उत्पादक जनपदों में 66 हजार 879 किसानों से 03 लाख 55 हजार मीट्रिक टन बाजरा खरीद कर लगभग 850 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया गया।
- वर्ष 2023-24 में 24 मक्का खरीद वाले जनपदों में 908 किसानों से 4,450 मीट्रिक टन मक्का खरीद कर 09 करोड़ 17 लाख रुपये तथा 18 ज्वार खरीद वाले जनपदों में 2,787 किसानों से 13 हजार 340 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद कर उनके बैंक खातों में 37 करोड़ 87 लाख रुपये का भुगतान किया गया।
- वर्ष 2023-24 में **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के लाभार्थियों को 02 सिलेण्डर रिफिल निःशुल्क प्रदान किये जा रहे हैं। अब तक 56 लाख से अधिक लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर वितरित किये गये हैं।
- **'वन नेशन वन राशन कार्ड योजना'** में अद्यतन अन्य राज्यों के 44 हजार 359 राशन कार्ड धारकों द्वारा उत्तर प्रदेश से तथा उत्तर प्रदेश के 38 लाख 78 हजार 442 कार्ड धारकों द्वारा अन्य राज्यों से खाद्यान्न प्राप्त किया गया।
- 03 करोड़ 60 लाख अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। भारत सरकार के 01 जनवरी, 2024 से 05 वर्ष तक के लिए निःशुल्क खाद्यान्न वितरण के निर्णय के क्रम में प्रदेश में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कराया जा रहा है।
- प्रदेश में वनावरण एवं वृक्षावरण कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 9.23 प्रतिशत है, जिसे वर्ष 2030 तक 15 प्रतिशत किए जाने का लक्ष्य है।
- प्रदेश में हरीतिमा विस्तार हेतु इस वर्ष 35 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 36 करोड़ 16 लाख पौधारोपण का कार्य कराया गया।
- प्रदेश में 01 राष्ट्रीय उद्यान, 03 टाइगर रिजर्व, 26 वन्य जीव/पक्षी विहार, 03 प्राणि उद्यान तथा 01 लायन सफारी स्थापित हैं।
- मानव वन्य जीव संघर्ष को नियंत्रित करने के लिये जनपद चित्रकूट, मेरठ, पीलीभीत एवं महराजगंज में रेस्क्यू सेण्टर की स्थापना का कार्य गतिमान है।
- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अद्यतन 01 करोड़ 95 लाख घरों में क्रियाशील गृह नल संयोजन उपलब्ध कराया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 85 लाख घरों में

क्रियाशील गृह नल संयोजन दिए जाने के लक्ष्य के सापेक्ष अद्यतन 100 लाख घरों में क्रियाशील गृह नल संयोजन उपलब्ध कराया जा चुका है।

- नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक लगभग 650 एम0एल0डी0 शोधन क्षमता के 28 एस0टी0पी0 (30 परियोजनाओं में) का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है।
- निजी क्षेत्र में औद्योगिक आस्थानों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में अब तक कुल 10 प्लेज पार्कों को स्वीकृति दी गई है।
- **'मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना'** के अन्तर्गत वर्ष 2017-18 से अब तक कुल 22 हजार 389 लाभार्थियों को लाभान्वित कराते हुये लगभग 01 लाख 80 हजार रोजगार सृजित कराये जा चुके हैं।
- **'एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना'** के अन्तर्गत अब तक 13 हजार 597 लाभार्थियों को लाभान्वित कराते हुए 01 लाख 92 हजार से अधिक रोजगार सृजित कराया गया।
- **एक जनपद एक उत्पाद कौशल उन्नयन एवं टूलकिट योजना** तथा **विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में** लाभार्थियों को टूलकिट उपलब्ध कराते हुए लगभग 04 लाख 08 हजार रोजगार सृजित किया गया ।
- वर्ष 2023 में प्रारम्भ की गई **'मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना'** में सूक्ष्म उद्यमियों के लिए अधिकतम 05 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्राविधान है।
- **'एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज योजना'** के अन्तर्गत प्रदेश के 45 जनपद 66 मेडिकल कॉलेज से आच्छादित किये जा चुके हैं। 14 जनपदों में केन्द्र सहायतित मेडिकल कॉलेज एवं असेवित 16 जनपदों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना पी0पी0पी0 मॉडल पर की जा रही है। जनपद महराजगंज, मऊ, शामली एवं सम्भल में निजी निवेशकर्ताओं से अनुबन्ध पत्र हस्ताक्षरित हो चुके हैं। 06 अन्य जनपदों यथा बागपत, हाथरस, कासगंज, मैनपुरी, हमीरपुर, महोबा में भारत सरकार की वी0जी0एफ0 योजना के तहत् मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जा रही है।
- सरकारी क्षेत्र में एम0बी0बी0एस0 की सीटों की संख्या 1,840 से बढ़कर 3,828 हो गई है। निजी क्षेत्र में एम0बी0बी0एस0 सीटों की संख्या बढ़ाकर 5,250 की गई है। इस प्रकार सरकारी एवं निजी क्षेत्र में एम0बी0बी0एस0 की कुल 9,078 सीटें उपलब्ध हैं।

- सरकारी क्षेत्र में पी0जी0 सीटों की संख्या 741 से बढ़ाकर 1,543 की गईं, जबकि निजी क्षेत्र में पी0जी0 सीटों की संख्या 480 से बढ़ाकर 1,775 की गई। इस प्रकार, वर्तमान वर्ष 2023-24 में पी0जी0 की कुल 3,318 सीटें उपलब्ध हैं। इसी प्रकार सुपर स्पेशियलिटी सीटों में वर्ष 2016 की 120 सीटों की तुलना में वर्तमान में 130 सीटों की वृद्धि के साथ 250 सीटें उपलब्ध हैं।
- राजकीय क्षेत्र में बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेजों की संख्या को 06 से बढ़ाकर 17 किया गया। वर्तमान वर्ष 2023-24 में 23 मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों में नर्सिंग कॉलेज संचालित हैं। वर्तमान में लगभग 300 संस्थानों में नर्सिंग/पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालित हैं।
- किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ (के0जी0एम0यू0) को नैक **ए प्लस** (**A+**) ग्रेड प्राप्त हुआ है।
- अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा समस्त चिकित्सा संस्थानों/मेडिकल कॉलेजों तथा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्कूलों/कॉलेजों को सम्बद्धता प्रदान की जा रही है।
- ए0ई0एस0/जे0ई0 एवं अन्य वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम वर्तमान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित हैं। वर्ष 2017 से पूर्व इस दिशा में कोई संगठित प्रयास नहीं किया गया था। वर्ष 2018 से प्रति वर्ष 03 चरणों में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान सम्पादित किया जाता है।
- वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2023 तक ए0ई0एस0 रोगियों की मृत्यु में 98 प्रतिशत व जे0ई0 रोगियों की मृत्यु में 96 प्रतिशत की कमी आई है। ए0ई0एस0 रोगियों की संख्या में 76 प्रतिशत तथा जे0ई0 रोगियों की संख्या में 85 प्रतिशत की कमी आयी है।
- **आयुष्मान भारत योजना** तथा **मुख्य मंत्री जन आरोग्य अभियान** से 01 करोड़ 80 लाख परिवार आच्छादित हैं। 04 करोड़ 86 लाख लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। प्रदेश में दिनांक 19 जनवरी, 2024 तक 31 लाख 88 हजार लाभार्थियों द्वारा 04 हजार 677 करोड़ रुपये का निःशुल्क इलाज प्राप्त किया गया है।
- प्रदेश में दिनांक 14 जनवरी, 2024 तक आयोजित 131 मुख्य मंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 12.48 करोड़ से अधिक रोगी लाभान्वित हुए।
- वर्ष 2014 में मातृ मृत्यु दर 285 प्रति लाख थी, जो सरकार के प्रयासों से वर्ष 2022 में कम होकर 167 प्रति लाख हो गयी है। शिशु मृत्यु दर वर्ष 2014 में 48 प्रति हजार थी, जो वर्ष 2020 में कम होकर 38 प्रति हजार हो गई है।

- सभी 75 जनपदों में निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।
- राजकीय एवं निजी आयुष महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र के नियमन एवं प्रवेश में एकरूपता तथा योग एवं नेचुरोपैथी को बढ़ावा देने के लिये **महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय** स्थापित किया गया है। जनपद अयोध्या में एक नये राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय और वाराणसी में एक नये होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य गतिमान है।
- 11 जनपदों-लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, बरेली, कौशाम्बी, ललितपुर, संतकबीरनगर, सोनभद्र, अमेठी एवं देवरिया में 50 बेड के एकीकृत आयुष चिकित्सालय स्थापित हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 06 जनपदों-रायबरेली, बस्ती, जालौन, बागपत, बुलन्दशहर एवं बलिया में 50 बेड के एकीकृत आयुष चिकित्सालयों का भवन निर्माण पूर्ण हो चुका है।
- आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 1,600 हेल्थ वेलनेस सेण्टर स्थापित किये जाने का लक्ष्य है। प्रदेश के 1,035 राजकीय आयुर्वेदिक, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सालयों को चयनित कर हेल्थ वेलनेस सेण्टर के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है।
- विभिन्न जनपदों में वर्तमान में 225 योग वेलनेस सेण्टर संचालित किये जा रहे हैं, जिनमें प्रातः एवं सायंकाल योग का प्रशिक्षण दिया जाता है।
- वर्ष 2023-24 में तृतीय तिमाही तक 31 लाख 28 हजार निराश्रित महिलाओं को पेंशन प्रदान की गई।
- **मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना** से अब तक **17 लाख 82 हजार बालिकाओं** को लाभान्वित किया जा चुका है।
- वर्ष 2017-2018 में प्रदेश में लगभग 01 करोड़ 56 लाख लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार दिया गया। वर्तमान में लगभग 02 करोड़ 06 लाख लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार प्रदान किया जा रहा है।
- उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 204 पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों के माध्यम से 43 जनपदों में लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है।
- आंगनबाड़ी केन्द्रों में 03 वर्ष से 06 वर्ष आयु वर्ग के 79 लाख 37 हजार बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराये जाने हेतु हॉट कुक्ड मील योजना लागू की गयी है।

- वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 में अब तक कुल 10 हजार 785 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कराया गया है। 2,808 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- प्रत्येक जनपद में भारत सरकार के सहयोग से **खेलो इण्डिया सेण्टर** की स्थापना की गयी है।
- अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को राजपत्रित पदों पर नियुक्ति प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। इसके तहत् 10 खिलाड़ियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए जा चुके हैं।
- जनपद मेरठ में मेजर ध्यानचन्द खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है।
- अब तक प्रदेश के 117 विकास खण्डों में 124 ग्रामीण स्टेडियम/मल्टीपरपज हॉल का निर्माण हो चुका है।
- पंचायत स्तर पर गठित 80 हजार युवक/महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट प्रदान की जा चुकी है।
- पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड काल में निराश्रित हुए बच्चों की कक्षा 06 से कक्षा 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा के लिए 18 मण्डलों में **अटल आवासीय विद्यालय** की स्थापना की जा रही है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया जा चुका है।
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के शैक्षिक उत्थान के लिये वर्ष 2022-23 में **24 लाख** से अधिक पूर्वदशम/दशमोत्तर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान किया गया।
- वर्ष 2022-23 में लगभग 55 लाख वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन से लाभान्वित किया गया।
- **मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना** के अन्तर्गत अब तक 03 लाख 19 हजार 93 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया।
- प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु राज्य सरकार कृत संकल्पित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को पूर्वदशम् छात्रवृत्ति तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2017 में वितरित धनराशि लगभग 98 हजार 462 लाख रुपये थी एवं 13 लाख 64 हजार विद्यार्थियों को ही योजना का लाभ दिया जा रहा था। अब बजट में दोगुने से अधिक वृद्धि करते हुए वर्ष 2023-24 में

2 हजार 150 करोड़ रुपये से लगभग 26 लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित कराया जा रहा है।

- अन्य पिछड़ा वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत जहां वर्ष 2017 के पूर्व 70 हजार 774 पुत्रियों की शादी में अनुदान दिया गया, वहीं वर्ष 2023-24 में प्राविधानित 150 करोड़ रुपये से लगभग 75 हजार से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जा रहा है।
- वर्तमान में 10 लाख 40 हजार दिव्यांगजन को 1,000 रुपये प्रतिमाह की दर से तथा कुष्ठ रोग से दिव्यांग हुए 11 हजार से अधिक दिव्यांगजन को 3,000 रुपये प्रतिमाह की दर से कुष्ठावस्था पेंशन प्रदान की जा रही है।
- सरकार प्रदेशवासियों को अपराध एवं भयमुक्त वातावरण देकर रामराज्य की संकल्पना को साकार करने में पूरी तरह सफल रही है। विविध त्यौहारों एवं यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023, आजादी का अमृत महोत्सव, जी-20 सम्मेलन, क्रिकेट विश्व कप-2023 जैसे वृहद् आयोजनों को शान्तिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराया गया। अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में किए गए प्रबन्धों की सराहना देश-दुनिया से आए अतिथियों ने की।
- महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सशक्तीकरण हेतु 1,699 एण्टी रोमियो स्क्वॉयड का गठन कर अनवरत् अभियान चलाया जा रहा है।
- नवीन बीट प्रणाली लागू करते हुए प्रदेश के 1,518 थानों में कुल 15 हजार 130 महिला पुलिस कर्मियों को नियुक्त करते हुए 10 हजार 378 महिला बीटों का आवंटन किया गया है।
- महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा हेतु सेफ सिटी परियोजना में महत्वपूर्ण स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों की स्थापना, इण्टीग्रेशन, डार्क स्पॉट्स का चिन्हीकरण व लाइट्स लगाना, हॉट प्वाइण्ट्स को चिन्हित करने, पिंक बूथों की स्थापना तथा बस/टैक्सियों में पैनिक बटन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।
- ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत 08 लाख 54 हजार 634 सी0सी0टी0वी0 कैमरों का अधिष्ठापन किया जा चुका है।
- 'यू0पी0 112' के अन्तर्गत 4,800 पी0आर0वी0 वाहन संचालित हैं। माघ मेला, प्रयागराज-2024 में विविध भाषाओं में बात करने वाले विभिन्न प्रान्तों के नागरिकों के लिए भाषा अनुवाद की सुविधा भी इण्टीग्रेशन 112 में उपलब्ध करायी जा रही है।

- 03 महिला पी0ए0सी0 बटालियन जनपद लखनऊ, गोरखपुर एवं बदायूं में स्थापित हैं। जनपद बलरामपुर, जालौन, मिर्जापुर, शामली तथा बिजनौर में 05 अन्य पी0ए0सी0 बटालियन स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।
- अप्रैल, 2017 से जनवरी, 2024 तक पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर 01 लाख 55 हजार 830 भर्तियां तथा 01 लाख 41 हजार 866 पदोन्नतियां की गयी हैं।
- आपदाओं में त्वरित कार्यवाही हेतु उ0प्र0 राज्य आपदा मोचन बल का गठन किया गया है।
- राज्य में 06 नारकोटिक्स थाने व 08 ऑपरेशनल यूनिट्स क्रियाशील की गयी हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की 08 नई इकाइयां सृजित की गयी हैं। 40 एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स को थाना घोषित किया गया है।
- उ0प्र0 स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की 06 वाहिनियां गठित की गई हैं।
- समस्त थानों में साइबर क्राइम सेल गठित किया गया है। वर्तमान में सभी 75 जनपदों में साइबर क्राइम थाना संचालित हैं। समस्त थानों को सी0सी0टी0वी0 कैमरों से युक्त कर दिया गया है।
- उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन्सिक साइंसेज, लखनऊ में प्रथम शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो गया है।
- 64 नवस्थापित अग्निशमन केन्द्र संचालित हो गये हैं। 36 अग्निशमन केन्द्र इसी वर्ष संचालित हो जाएंगे।
- अभियान चलाकर लगभग 01 लाख अवैध लाउडस्पीकर हटाये गये और लगभग 01 लाख 05 हजार लाउडस्पीकरों की ध्वनि मानक के अनुसार कम करायी गयी।
- उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान को और अधिक प्रभावी बनाये जाने हेतु 10 सेक्टर-लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, झाँसी, आगरा, बरेली तथा मेरठ को थाना अधिसूचित किया गया है। इनकी अधिकारिता सम्बन्धित सेक्टर के अधीन आने वाले जिलों पर होगी।
- होमगार्डर्स स्वयं सेवकों की मृत्यु की दशा में उनके आश्रितों को 05 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती है। वर्ष 2023-24 में लगभग 400 होमगार्डर्स के परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त होमगार्ड्स को 30 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना से आच्छादित किया गया है।

- कारागारों में बन्दियों को कुशल बनाने हेतु ओ0डी0ओ0पी0 की तर्ज पर कारागारों में 'वन जेल वन प्रोडक्ट' (ओ0जे0ओ0पी0) अपनाया गया है।
- सार्वजनिक सम्पत्तियों से अवैध कब्जे हटाने के लिए एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन तथा एण्टी भू-माफिया पोर्टल विकसित किया गया है। अवैध कब्जे की 03 लाख 70 हजार 748 शिकायतें निस्तारित करते हुए एवं अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 66 हजार 872 हेक्टेयर से अधिक भूमि मुक्त करायी गयी है।
- मुख्य मंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में कृषक की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता पर अधिकतम 05 लाख रुपये की सहायता का प्राविधान है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना में 750 करोड़ रुपये का प्राविधान है। इससे 15 हजार कृषक/आश्रित लाभान्वित होंगे।
- **'स्वामित्व योजना'** में 90 हजार 866 ग्रामों में ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयार करने हेतु ड्रोन सर्वे की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। 75 लाख 72 हजार 876 ग्रामीण आवासीय अभिलेख तैयार हो चुके हैं। इसमें से 56 लाख 33 हजार 606 का वितरण भू-खण्ड स्वामियों को किया जा चुका है।
- भारत सरकार के **डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम** के अन्तर्गत भू-मानचित्रों का डिजिटाइजेशन कराया जा रहा है। लगभग 98 प्रतिशत स्कैनिंग योग्य उपलब्ध मैप्स (शजरों) को डिजिटाइज कर खतौनी से लिंक किया जा चुका है।
- आपदा राहत कार्यों हेतु डेडीकेटेड टोल-फ्री 'हेल्पलाइन 1070' का 24X7 संचालन किया जा रहा है।
- दिनांक 03 अगस्त, 2023 को शासनादेश जारी करके दान विलेख द्वारा अचल सम्पत्ति का अन्तरण परिवार के सदस्यों के पक्ष में करने पर स्टाम्प शुल्क की देयता 05 हजार रुपये तक सीमित कर दी गयी है।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन में 11 हजार 564 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में यह 34 हजार 560 करोड़ रुपये अनुमानित है।
- मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में पंजीकृत व्यापारी की दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता पर अधिकतम 10 लाख रुपये की सहायता का प्राविधान है। इसके अन्तर्गत 178 व्यापारियों को भुगतान किया गया है।

- वार्षिक ऋण वितरण योजना हेतु द्वितीय त्रैमास (सितम्बर, 2023) तक बैंकों के माध्यम से लगभग 02 लाख 06 हजार करोड रुपये का ऋण वितरण कराया गया है।
- प्रदेश में 19 हजार 705 बैंक शाखाओं, 02 लाख 28 हजार 544 बैंक मित्र एवं बी0सी0 सखी तथा 17 हजार 852 ए0टी0एम0 के माध्यम से बैंकिंग सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही हैं।
- प्रदेश के युवाओं को सरकार के साथ नीति प्रबन्धन, क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण कार्यों में सहभागिता का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से **'मुख्य मंत्री फेलोशिप कार्यक्रम'** में चयनित शोधार्थी 100 आकांक्षात्मक विकास खण्डों में कार्यरत हैं।
- लाभार्थीपरक् योजनाओं के पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से **'एक परिवार एक पहचान योजना'** संचालित की जा रही है। इसके अन्तर्गत प्रदेश में अध्यासित समस्त परिवारों की एक विशिष्ट पहचान हेतु **'फैमिली आई0डी0'** सृजित की जा रही है। अद्यतन विभिन्न विभागों की 60 योजनाओं के **06 करोड़ 64 लाख** लाभार्थियों की 'फैमिली आई0डी0' फीडिंग की जा चुकी है।
- राज्य कर्मचारियों के सेवा सम्बन्धी मामलों में सुगमता के लिए **मानव सम्पदा पोर्टल** विकसित किया गया है।
- समूह क, ख, एवं ग के रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही शीघ्रता एवं पारदर्शी तरीके से किये जाने हेतु ई-अधियाचन पोर्टल विकसित किया गया है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में मात्र 01 लाख 40 हजार आवास स्वीकृत किये गये थे। जबकि वर्तमान सरकार द्वारा अब तक कुल 36 लाख 15 हजार आवास स्वीकृत करते हुए 34 लाख 14 हजार आवास पूर्ण कराये गये हैं तथा शेष आवास निर्माणाधीन हैं।
- **मुख्य मंत्री आवास योजना (ग्रामीण)** के अन्तर्गत अब तक कुल 02 लाख 03 हजार आवासों का निर्माण पूर्ण करा लिया गया है।
- **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में 10 जनवरी, 2024 तक लगभग 3,961 किमी0 सड़कों का निर्माण कराया गया है।
- **मनरेगा योजना** के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में 28 करोड़ 68 लाख मानव दिवस सृजित कराते हुए 75 लाख 24 हजार श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। इस पर लगभग 09 हजार 251 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की गयी।

- एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अन्तर्गत ऑफ सीजन में सब्जी एवं पुष्प उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 15 शीतगृह, 02 इण्टीग्रेटेड कोल्ड चेन प्रणाली, 600 मीट्रिक टन राइपनिंग चैम्बर, 03 मिनिमल प्रोसेसिंग इकाई, 185 पैक हाउस, 50 प्याज भण्डार गृहों एवं 122 लो-कॉस्ट प्रिजर्वेशन यूनिट की स्थापना कराई गयी है।
- इजरायल सरकार के सहयोग से जनपद कौशाम्बी में सेण्टर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर फ्रूट्स, चन्दौली में सेण्टर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर वेजीटेबल्स की स्थापना का निर्णय लिया गया है।
- उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अन्तर्गत अब तक कुल 52 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है।
- प्रदेश में कार्यरत 121 चीनी मिलों में वर्ष 2023-24 में नवम्बर, 2023 तक 70 लाख 80 हजार कुन्तल शीरे का उत्पादन हुआ है।
- भारत सरकार के एथेनॉल कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की 66 आसवनियों द्वारा एथेनॉल का उत्पादन किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में नवम्बर, 2023 तक 118 करोड़ 15 लाख लीटर एथेनॉल का उत्पादन किया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2022-2023 में लगभग 41 हजार 252 करोड़ रुपये आबकारी राजस्व संग्रहीत किया गया, जो वर्ष 2021-22 में प्राप्त राजस्व से 13.58 प्रतिशत अधिक था। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में माह दिसम्बर, 2023 तक लगभग 31 हजार 117 करोड़ रुपये की प्राप्तियां हो चुकी हैं।
- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रथम चरण में प्रदेश के सभी जनपद खुले में शौंच से मुक्त घोषित किये गये। वर्तमान में मिशन का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत प्रदेश की सभी 58 हजार 856 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण पूर्ण हो गया है। **95 हजार 767 (100 प्रतिशत) ग्राम ओ0डी0एफ0 प्लस घोषित किए जा चुके हैं।**
- अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि को 200 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये किये जाने का निर्णय लिया गया है।
- राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत प्रदेश में दिसम्बर, 2023 तक लगभग 02 करोड़ 50 लाख वाद निस्तारित किये गये।
- वर्ष 2017 से पूर्व 05 वर्ष का खनिजों से प्राप्त होने वाला प्रदेश का कुल राजस्व 04 हजार 700 करोड़ रुपये था, जो विगत 06 वर्षों में चार गुना बढ़कर 17 हजार 150 करोड़ रुपये हो गया है।

मेरी सरकार द्वारा किए गए सुनियोजित प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय पटल पर नई पहचान बनायी है। उत्तर प्रदेश आज बीमारू राज्य की छवि को पीछे छोड़कर तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है।

आज उत्तर प्रदेश केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित 45 से अधिक योजनाओं के क्रियान्वयन में देश में प्रथम स्थान पर है तथा विभिन्न योजनाओं एवं क्षेत्रों में देश में अग्रणी है :-

- **प्रधानमंत्री जनधन योजना** में 09 करोड़ खातों के साथ उत्तर प्रदेश को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।
- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना** में अब तक 05 करोड़ 54 लाख नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।
- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना** में अब तक 01 करोड़ 90 लाख नामांकन के साथ प्रदेश, देश में द्वितीय स्थान पर है।
- **31 लाख 24 हजार जी0एस0टी0 पंजीयन** के साथ उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है। जी0एस0टी0 रिटर्न दाखिल करने में भी उत्तर प्रदेश, देश में अग्रणी है।
- **प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी)** के अन्तर्गत आवास निर्माण में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।
- **प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)** के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य एवं बी0एल0सी0/ए0एच0पी0 परियोजनाओं की जिओ टैगिंग में सर्वश्रेष्ठ राज्य का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- **अटल पेंशन योजना** के अन्तर्गत पंजीकरण करने में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है।
- **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)** के प्रथम चरण में 02 करोड़ 18 लाख व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के साथ उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम है।
- **स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण** के अन्तर्गत सिटीजन फीडबैक श्रेणी में प्रदेश को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।
- **नेशनल एनुअल रूरल सैनिटेशन सर्वे** में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य को भारत सरकार से 735 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई।
- **अमृत सरोवर योजना** के अन्तर्गत वर्ष 2022 से 15 हजार 274 अमृत सरोवरों का कार्य पूर्ण करते हुए उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर रहा है।

- **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।
- **06 एक्सप्रेस-वे तथा 05 अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे** के निर्माण से उत्तर प्रदेश सड़क व एयर कनेक्टिविटी में सर्वश्रेष्ठ है।
- **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** में 01 करोड़ 75 लाख निःशुल्क गैस कनेक्शन देकर उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम है।
- मत्स्य उत्पादन में बेस्ट स्टेट कैटेगरी के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश को 'देश का बेस्ट स्टेट फॉर इनलैण्ड फिशरीज' घोषित करते हुए भारत सरकार द्वारा प्रथम पुरस्कार दिया गया।
- खाद्यान्न, आम, दूध, तिलहन, आलू, हरी मटर उत्पादन में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है।
- प्रदेश को गन्ना उत्पादन, चीनी उत्पादन तथा एथेनॉल उत्पादन एवं आपूर्ति में देश में प्रथम स्थान प्राप्त है।
- **पी0एम0 स्वनिधि योजना** के अन्तर्गत स्ट्रीट वेण्डर्स को सर्वाधिक ऋण देकर उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम है।
- एन0सी0आर0बी0 के वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में दोषसिद्धि की दर 87.8 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत का लगभग दोगुना है।
- वर्ष 2023 में अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में 22 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदेश ने पुनः गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया।
- भारत सरकार द्वारा निर्मित एवं संचालित **ई-श्रम पोर्टल पर अब 08 करोड़ 32 लाख कामगारों का पंजीकरण** कराकर उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।
- फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेण्ट (एफ0डी0आई0) एवं फॉर्च्यून-500 कम्पनियों के लिए प्रदेश सरकार ने देश की पहली विशिष्ट निवेश प्रोत्साहन नीति घोषित की है।
- ईज ऑफ डूईंग बिजनेस रैंक तथा लॉजिस्टिक की सुलभता रैंकिंग में राज्य ने अचीवर्स श्रेणी प्राप्त की है।

- भारतीय रिजर्व बैंक के एक अध्ययन के अनुसार उत्तर प्रदेश प्राइवेट कॉरपोरेट निवेश को आकर्षित करने में देश में प्रथम स्थान पर है।
- भारत में प्रथम रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अन्तर्गत वर्ष 2023 में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट का शुभारम्भ किया गया है।
- उत्तर प्रदेश, देश में ऐसा प्रथम राज्य है, जहां सोलर चरखे से उत्पादित खादी को मान्यता दी गई है और सोलर चरखा बुनकरों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।
- ई-मार्केटिंग पोर्टल के माध्यम से दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद विपणन के क्षेत्र में वर्ष 2023-24 में पी0सी0डी0एफ0 को टर्नओवर के आधार पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- भारतीय पर्यटकों के आवागमन में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर रहा है।

माननीय सदस्यगण, मैंने आपके समक्ष सरकार की प्रमुख विकासोन्मुखी नीतियों एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं की संक्षिप्त रूप-रेखा प्रस्तुत की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय-व्ययक शीघ्र ही सदन में प्रस्तुत किया जायेगा। विगत सत्र के पश्चात् मैंने कुछ अध्यादेश प्रख्यापित किये हैं, जिसके प्रतिस्थानी विधेयक व कतिपय अन्य महत्वपूर्ण विधेयक आपके विचारार्थ प्रस्तुत किये जायेंगे।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी माननीय सदस्यगण प्रदेश की आम जनता के व्यापक हित में मेरी सरकार का सहयोग कर जन-आकाँक्षाओं को पूरा करने में अपना बहुमूल्य योगदान करेंगे एवं इस सदन की उच्च गरिमा एवं पवित्रता को बनाए रखेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की मंगल कामना करते हुए आपको हार्दिक धन्यवाद देती हूँ कि आपने मुझे अपने मध्य आने और सरकार के कार्य-कलापों को प्रस्तुत करने का सुअवसर प्रदान किया।

जय हिन्द !]

[12:33] श्री लक्ष्मीराज सिंह, इंजी0 सरवन निषाद, डॉ0 अवधेश सिंह तथा श्री हरि प्रकाश वर्मा के जन्म-दिन के अवसर पर सदन की ओर से बधाई

श्री अध्यक्ष-

कल दिनांक 01 फरवरी को सभी विधान मण्डल दलों की बैठक थी, इसलिये सभी माननीय विधायक लखनऊ में ही उपस्थित थे। अतः कल 01 फरवरी को और आज

02 फरवरी को जिन माननीय सदस्यों का जन्म दिन है, मैं उनके बारे में पढ़कर बता रहा हूं और आप सब लोग उनको शुभकामनाएं देंगे। उसके बाद कुछ औपचारिक काम है, उनको हम करेंगे।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय सदस्य श्री लक्ष्मीराज सिंह, निर्वाचन क्षेत्र सिकन्दराबाद, जिला बुलन्दशहर, भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर वर्तमान विधान सभा में प्रथम बार निर्वाचित हुए हैं। आपके पिता का नाम स्व0 शंकर पाल सिंह है। आपका जन्म दिनांक 01 फरवरी, 1982 को खेतलपुर भंसोली में हुआ था। आपने स्नातकोत्तर (एल0एल0बी0, बी0एड0) तक शिक्षा ग्रहण की है। आपके जन्म दिवस के अवसर पर मैं स्वयं अपनी ओर से और इस सदन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

(सदस्यों ने मेजें थपथपाईं)

उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय सदस्य ई0 सरवन निषाद, निर्वाचन क्षेत्र चौरी चौरा, जिला गोरखपुर, भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर वर्तमान विधान सभा में प्रथम बार निर्वाचित हुए हैं। आपके पिता का नाम डा0 संजय कुमार निषाद है। आपका जन्म दिनांक 01 फरवरी, 1990 को गोरखपुर में हुआ था। आपने बी0टेक0 तक शिक्षा ग्रहण की है। आपके जन्म दिवस के अवसर पर मैं स्वयं अपनी ओर से और इस सदन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

(सदस्यों ने मेजें थपथपाईं)

उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय सदस्य डा0 अवधेश सिंह, निर्वाचन क्षेत्र पिण्डरा, जिला वाराणसी, भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर वर्तमान विधान सभा में दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं। आपके पिता का नाम स्व0 राम मूरत सिंह है। आपका जन्म दिनांक 01 फरवरी, 1955 को लस्करपुर, वाराणसी में हुआ था। आपने स्नातकोत्तर (पी0एच0डी0) तक शिक्षा ग्रहण की है। आपके जन्म दिवस के अवसर पर मैं स्वयं अपनी ओर से और इस सदन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

(सदस्यों ने मेजें थपथपाईं)

उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय सदस्य श्री हरि प्रकाश वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र जलालाबाद, जिला शाहजहांपुर, भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर वर्तमान विधान सभा में प्रथम बार निर्वाचित हुए हैं। आपके पिता का नाम श्री सियाराम है। आपका जन्म दिनांक 02 फरवरी, 1980 को ग्राम रामपुर कला में हुआ था। आपने स्नातक (एल0एल0बी0) तक शिक्षा ग्रहण की है। आपके जन्म दिवस के अवसर पर मैं स्वयं अपनी ओर से और इस सदन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

(सदस्यों ने मेजें थपथपाईं)

[12:36] भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 2023 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-19 सन् 2023)†

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 2023 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-19 सन् 2023) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश, 2023 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-20 सन् 2023)†

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री योगेन्द्र उपाध्याय)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (सातवां संशोधन) अध्यादेश, 2023 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-20 सन् 2023) को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड की वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक विवरण†

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-2 द्वारा उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड की वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक विवरण तथा दिनांक 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट का समीक्षा अभिकथन राज्य सरकार उपधारा (1) के अधीन विलम्ब के कारणों सहित सदन के पटल पर रखता हूं।

राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-1165/ग्यारह-2-23-9(42)-17-टी0सी0-67-उ0प्र0जी0एस0टी0 नियम-2017-आदेश-(299)-2023, दिनांक 17 नवम्बर, 2023††

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-1165/ग्यारह-2- 23-9(42)-17-टी0सी0-67-उ0प्र0जी0एस0टी0 नियम-2017-आदेश-(299)-2023, दिनांक 17 नवम्बर, 2023, को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर

---

† छापा नहीं गया।
†† छापी नहीं गई।

अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 के अधीन विलम्ब के कारणों सहित सदन के पटल पर रखता हूं।

[12:38] राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-1468/ग्यारह-2-23-9(47)-17-टी0सी0-241-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश-(308)-2023, दिनांक 17 नवम्बर, 2023[††]

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-1468/ग्यारह-2-23-9(47)-17-टी0सी0-241-उ0प्र0 अधि0-1-2017-आदेश-(308)-2023, दिनांक 17 नवम्बर, 2023 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 के अधीन विलम्ब के कारणों सहित सदन के पटल पर रखता हूं।

राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-1501/ग्यारह-2-23-9(47)-17-टी0सी0-249-उ0प्र0अधि0-1-2017-आदेश-(309)-2023, दिनांक 29 नवम्बर, 2023[††]

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से राज्य कर अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-1501/ग्यारह-2-23-9(47)-17-टी0सी0-249-उ0प्र0 अधि0-1-2017-आदेश-(309)-2023, दिनांक 29 नवम्बर, 2023 को उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1 सन् 2017) की धारा-166 के अधीन विलम्ब के कारणों सहित सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975[†]

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से समाज कल्याण अनुभाग-1 का उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-1975 की धारा-12 (7) के अधीन स्पष्टीकरण ज्ञापन सहित सदन के पटल पर रखता हूं।

[††] छापी नहीं गई।

[†] छापा नहीं गया।

कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या-01/2024/558/80-1-2023-80-1003(002)-3-2023, दिनांक 01 जनवरी, 2024[††]

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या-01/2024/558/80-1-2023-80-1003(002)-3-2023, दिनांक 01 जनवरी, 2024 को उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम, 1964 की धारा-40 की उपधारा (3) के अधीन सदन के पटल पर रखता हूं।

[12:41] उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023[†]

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 29 नवम्बर, 2023 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 30 नवम्बर, 2023 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023[†]

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 29 नवम्बर, 2023 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 30 नवम्बर, 2023 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2023[†]

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2023, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक

[††] छापी नहीं गई।

[†] छापा नहीं गया।

30 नवम्बर, 2023 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 03 दिसम्बर, 2023 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग (2023-2024 का अनुपूरक) विधेयक, 2023†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग (2023-2024 का अनुपूरक) विधेयक, 2023, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 01 दिसम्बर, 2023 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 03 दिसम्बर, 2023 को वापस प्राप्त हुआ था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 06 दिसम्बर, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2023 का उत्तर प्रदेश का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 29 नवम्बर, 2023 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 30 नवम्बर, 2023 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2023 का उत्तर प्रदेश का अट्ठारहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023 जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 29 नवम्बर, 2023 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 30 नवम्बर, 2023 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2023 का उत्तर प्रदेश का उन्नीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2023†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2023, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 नवम्बर,

---

† छापा नहीं गया।

2023 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 01 दिसम्बर, 2023 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2023 का उत्तर प्रदेश का बीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 नवम्बर, 2023 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 03 दिसम्बर, 2023 को वापस प्राप्त हुआ था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2023 का उत्तर प्रदेश का इक्कीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण विधेयक, 2023†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण विधेयक, 2023, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 29 नवम्बर, 2023 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 30 नवम्बर, 2023 को वापस प्राप्त हुआ था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2023 का उत्तर प्रदेश का बाइसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद् विधेयक, 2023†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद् विधेयक, 2023, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 नवम्बर, 2023 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 03 दिसम्बर, 2023 को वापस प्राप्त हुआ था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2023 का उत्तर प्रदेश का तेइसवां अधिनियम बन गया।

---

† छापा नहीं गया।

उत्तर प्रदेश श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद् विधेयक, 2023†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद् विधेयक, 2023, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 नवम्बर, 2023 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 03 दिसम्बर, 2023 को वापस प्राप्त हुआ था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2023 का उत्तर प्रदेश का चौबीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश श्री शुक तीर्थ विकास परिषद् विधेयक, 2023†

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश श्री शुक तीर्थ विकास परिषद् विधेयक, 2023, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 30 नवम्बर, 2023 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 03 दिसम्बर, 2023 को वापस प्राप्त हुआ था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 07 दिसम्बर, 2023 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 2023 का उत्तर प्रदेश का पच्चीसवां अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या-13 व 14 में कुछ नहीं है। अब मद संख्या-15

[12:46] कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 01 फरवरी, 2024 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 02 फरवरी, 2024 से दिनांक 12 फरवरी, 2024 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं :-

1-दिनांक 03 फरवरी, 2024 को वर्तमान एवं भूतपूर्व मा0 सदस्यों के निधन के निदेश अर्थात् निधन की सूचनाएं ली जायं।

2-दिनांक 05 फरवरी, 2024 को प्रश्नकाल नहीं होगा।

---

† छापा नहीं गया।

3-दिनांक 02 फरवरी, 2024 से दिनांक 12 फरवरी, 2024 तक के उपवेशनों का तिथिवार कार्यक्रम निम्नवत् रखा जाय :-

फरवरी, 2024

02 शुक्रवार **1-11:00 बजे पूर्वाह्न**

राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत् दोनों सदनों के समक्ष श्री राज्यपाल का अभिभाषण।

2-12:30 बजे अपराह्न

(1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़ कर सुनाया जाना।

(2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हों।

03 शनिवार निधन के निदेश।

04 रविवार बैठक नहीं होगी।

05 सोमवार **1-11:00 बजे पूर्वाह्न**

वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक का प्रस्तुतिकरण।

2-श्री राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा।

06 मंगलवार श्री राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा।

07 बुधवार श्री राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा एवं पारण।

08 गुरुवार वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।

09 शुक्रवार 1-वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा।

2-असरकारी दिवस (आधा दिन)।

10 शनिवार वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।

11 रविवार बैठक नहीं होगी।

12 सोमवार 1-वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर विचार एवं मतदान।

2-03:00 बजे अपराह्न

उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2024 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश से जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गई है, से यह सदन सहमत है।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव, जो संसदीय कार्य मंत्री द्वारा सदन में प्रस्तुत किया गया है, से सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हआ।)

अभी 01 बजे महिला कक्ष के नवीनीकरण का उद्घाटन होगा। अब हम कल पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिये उठते हैं।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 50 मिनट पर अगले दिन के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :
दिनांक 02 फरवरी, 2024 ई0

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 303 विधान सभा (494)-21-03-2024-76 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।